हुक्म या कार्यवाही

तारीख हुक्म	
	ओमप्रकाश बनाम गुरूबक्ससिंह राजस्व प्रार्थना संख्या 06 / 2019 दिनांक 13.9.2022

पत्रावली पेश हुई । प्रार्थीगण वकील उपस्थित । पत्रावली का अवलोकन किया गया । पत्रावली लगभग 2 वर्ष 8 माह से विप्रार्थीगण की तलबी में विचाराधीन है। प्रार्थीगण वकील ने विप्रार्थीगण की तलबी हेतु पूर्ण अवसर देने के बावजूद भी तलबी पेश नहीं कि गयी । तहसीलदार कल्याणपुर से दिनांक 7.9.2022 को तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश हुई जिसे शामिल मिसल किया गया। तहसीलदार कल्याणपुर की मौका रिपोर्ट के अवलोकन पर प्रतीत हुआ की विप्रार्थी संख्या – 1 गुरूबक्स सिंह का खातेदार के रूप में अंकित न होकर उनके कायम मुकाम के नाम खातेदार के रूप में अंकित है। इस प्रकार प्रार्थीगण द्वारा न्यायालय द्वारा विप्रार्थीगण की तामिली हेतु आदेशित किये जाने पर भी आदेश की पालना नहीं की गयी । विप्राथी संख्या –1 के फौतगी की सूचना भी नहीं दी गयी । इससे स्पष्ट है कि प्रार्थीगण अपने प्रार्थना के प्रति गम्भीर नही है । वकील प्रार्थी की ओर से विप्रार्थी संख्या –01 के फौत की सूचना मय कायम मुकाम की नोटिस तामीली नहीं करवाई हैं '। ऐसी सूरत में प्रार्थी का आवेदन पत्र चलने योग्य नहीं है । लिहाजा प्रार्थी का आवेदन पत्र वारिसान–2 तलबी के अभाव के कारण खारिज किया जाता है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(नरेश सोनी)
उपखण्ड अधिकारी
बालोतरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.10.05 19:10:24 IST
Reason: SelfAttested